**भारत सरकार**

**वस्त्र मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1989**

**29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**चीन की तुलना में भारत के वस्त्रों का निर्यात**

**1989. श्री हुसैन दलवई:**

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** 2009 और 2010 में चीन की तुलना में भारत की वस्त्र निर्यात में हिस्सेदारी कितनी रही;

**(ख)** भारत का निर्यात चीन की तुलना में बहुत अधिक पिछड़ने के कारण क्या हैं; और

**(ग)** भारत से वस्त्रों के निर्यात की तुलना में उत्पादन को बढ़ाए जाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

# उत्तर

# वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी)

**(क):** वर्ष 2009 और 2010 में विश्व को वस्त्रों के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी क्रमश: 4.31% और 5.1% थी जबकि वैश्विक निर्यात में चीन की हिस्सेदारी क्रमश: 28.34% और 30.7% थी ।

**(ख):** वस्त्रों के संबंध में चीन का विनिर्माण आधार यार्न और फैब्रिक दोनों की दृष्टि से अधिक व्यापक है जो उच्चतर परिधान विनिर्माण और निर्यातों के लिए अवसर प्रदान करता है ।

**(ग):** सरकार ने वस्त्र तथा क्लोदिंग क्षेत्र के निर्यातों को प्रोत्साहन देने के लिए विदेश व्यापार नीति 2009-14, जून 2012 में पुन: अनुपूरित, में अनेक प्रावधान किए हैं । इसके अंतर्गत गार्मेंटिंग उद्योग द्वारा अपेक्षित फोकस बाजारों को निर्यात तथा फोकस उत्पादों के निर्यात,

पूर्व शिपमेंट ऋण पर ब्याज सहायता, ट्रिमिंग्स आदि के शुल्क-मुक्त आयात तथा हस्तशिल्प उद्योग द्वारा उपकरणों के शुल्क-मुक्त आयात के लिए प्रोत्साहन शामिल है । इसके अलावा, विद्यमान बाजारों में बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि करने तथा नये बाजारों का पता लगाने के लिए बाजार विकास सहायता योजना और बाजार प्रवेश प्रोत्साहन योजना के अधीन निर्यातकों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है ।

---